अचानक आकस्मिक निरीक्षण के दौरान रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे आयुक्त के ऐल चौहान

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था प्रारंभ की गई है।जिसके दौरान निगम क्षेत्र के 16 मार्केट क्षेत्रों में दिन में तीन टाइम झाड़ू एवं सफाई व्यवस्था की जाती है ।विशेष रुप से रात्रि के समय 8:00 बजे से 11:00 बजे के दौरान जब सब व्यापारी रात के समय दुकान बढ़ा कर दुकान के कचरे को बाहर में छोड़ देते हैं गाय एवं अन्य जानवर आकर बिखेर देते हैं हवा से चारों तरफ फैल जाता है उसी की रोकथाम के लिए रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था सभी जून में शुरू की गई है। 2 दिन पहले के एल चौहान ने स्वयं कहा था मैं सफाई व्यवस्था देखने चलूंगा ।आयुक्त के एल चौहान से जब पूछा गया इस साहब आज आप दौरे में चलेंगे क्या इस पर उन्होंने कहा नहीं आज मुझे मीटिंग है मैं नहीं आ पाऊंगा ।आप लोग नियमित की भांति सफाई अभियान जारी रखें ।रात 8:30 बजे के लगभग अचानक आयुक्त के एल चौहान आकाशगंगा व्यवसायिक परिसर में पहुंचे अपनी गाड़ी को दूर खड़ा किए बिना किसी के बताए सफाई वालों के बीच में आकर खड़े हो गए ।कुछ सफाई वाले तो पहचाने कि नहीं जैसे ही पता चला आयुक्त महोदय सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे हैं बगल में सफाई करा रहे स्वच्छता निरीक्षक धर्मेंद्र मिश्रा स्वास्थ्य अधिकारी आरके साहू मौके के साथ जनसंपर्क विभाग से अजय शुक्ला व शरद दुबे स्थल पर पहुंच गए चारों तरफ सफाई व्यवस्था का आयुक्त ने जायजा लिया।आयुक्त के एल चौहान ने दुकानदारों को समझाया कि अपने दुकान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में ही डालें निगम द्वारा आकाशगंगा व्यवसायिक परिसर प्रेस कॉन्पलेक्स के पास नीले एवं हरे रंग के डस्टबिन सार्वजनिक जगहों पर रखे गए ।दुकानदारों से सहयोग के लिए कहां गया जो दुकानदार खाद्य सामग्री सड़क पर रखकर बेचते हैं उनको चेतावनी दी गई अपने हद के अंदर रहकर एक खाद्य सामग्री बेचे नहीं तो उनके उनके खिलाफ 1000रुपए प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदंड वसूला जाएगा ।

इसके पश्चात चौहान इसके पश्चात पूरी टीम के साथ आकाशगंगा सुलभ शौचालय का निरीक्षण किए सब्जी मंडी क्षेत्र का भ्रमण किए व्यापारियों से फ़ीडबैक लिए स्वच्छता निरीक्षक स्वास्थ्य अधिकारी को समय पर कचरा उठाने में सफाई व्यवस्था व्यवस्थित करने को कहे उसके बाद शौचालय पंजी का भी निरीक्षण किए केयरटेकर द्वारा संधारण किया जा रहा है कि नहीं जानकारी प्राप्त किए। वहीं से नेहरू नगर सप्ताहिक सब्जी मंडी में पहुंचकर हो रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किए वहां सब्जी मंडी में सब्जी वाले फल वाले रात फेरीवाले रात में बचे हुए सब्जियों में सामान सड़क पर डाल कर चले जाते

हैं इसकी शिकायत स्वच्छता पर्यवेक्षक JP चंद्रा करने की व्यापारी समूह के अध्यक्ष सब्जी मंडी अन्य लोग ने स्वीकारा हम लोग गलती करते हैं और आइंदा इस प्रकार नहीं करेंगे सब मिलकर के सब्जी के कचरे को निर्धारित स्थान पर रखेंगे निगम का सफाई कर्मचारी आकर के सफाई कर सकें इस दौरान नेहरू नगर रेसिडेंसी एसोसिएशन अन्य व्यापारिक एवं एवं ग्राहक आकर निगम के इस कार्यवाही की सराहना की

जनसंपर्क विभाग

नगर निगम भिलाई